Title : Need to lift ban on export of onion.

श्री हरीभाऊ शंकर महाले (मालेगांव) : महोदय, देश में प्याज की उपज 55 लाख टन होती है जिसमें से 30लाख टन प्याज की पैदावार महाराट्र में होती है। देश को 40 लाख टन प्याज की जरूरत है। 15 लाख टन प्याज हमें बाहर के देशों में निर्यात करना चाहिए क्योंकि इससे भारत को विदेशी मुद्रा मिलेगी। बाहर की बाजार पैठ हमेशा के लिए मिलेगी और किसानों को प्याज का उचित दाम मिलेगा। इस बारे में महाराट्र के संसद सदस्यों तथा माननीय वाणिज्य मंत्री की दो-तीन बार मुलाकात भी हुई और संसद में भी बहस हो चुकी है। पाँच लाख टन प्याज का निर्यात करने के लिए परवाना दिया परंतु और दस लाख टन का परवाना देना चाहिए। मुक्त अर्थव्यवस्था भारत ने मान्य की है, तो प्याज के ऊपर की निर्यातबंदी को जल्दी से जल्दी उठाना चाहिए। अब प्याज को जीवनावश्यक वस्तु में डाल दिया है तो 700 रुपये प्रति क्विंटल इसका सपोर्ट प्राइस देना चाहिए, यही मेरी वाणिज्य मंत्री जी को आपके माध्यम से विनती है।